महोत्सव

जैन भजन संगीत संध्या में विक्की डी पारेख ने जमाया रंग, सकल जैन समाज की एकता का समागम

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव पर निकली रैली

नवभारत, बालाघाट। अहिंसा के अवतार और जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव आज बालाघाट जिले में पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक, जैन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

सुबह से ही प्रात: कल सुबह 5 बजे से प्रभात फेरी महावीर जनकल्याणक महोत्सव की नगर भ्रमण करते हुए निकली ,जो वापस महावीर चौक में सम्पन्न हुई जिसमें जैन धर्मालंबियों ने जैन समाज का ध्वजारोहण चक्र चौक पर कर सम्पन्न किया जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं में से भाग्यशाली को लक्की ड्रा के माध्यम से चांदी के सिक्के का वितरण श्रीमती मधुमति अमीश मोनिल जैन ,लुंकड़ परिवार भरवेली द्वारा किया गया ,साथ ही सकल जैन समाज ने महावीर चौक का उन्नयन हेतु सर्व सहमति से पुरजोर मांग रखी , तत्पश्चाद बालाघाट के सभी जैन धर्मविलाबियों के साथ?भव्य रथयात्रा और प्रभात फेरी निकाली गई।

श्री महावीर जन्मकल्याणक मोहत्सव समिति बालाघाट द्वारा सुबह 9:3 बजे में गाजे-बाजे के साथ महावीर जन्मोत्सव का जुलूस नगर भ्रमण के निकाला गया। पार्श्वनाथ भवन से महावीर चौक ,नया सराफा ,हनुमान चौक सर्किट हाउस रोड से कृष्ण डेयरी रोड से वापस पार्श्वनाथ भवन इस तरह शहर के मुख्य मार्गों से होकर 'शोभायात्रा' निकाली गई।

जिसमें मुख्य आकर्षण बालाघाट में पहली बार उडुपी ढोल नृत्य , बालाघाट का मुख्य आकर्षण बैगा नृत्य कार्यक्रम एवं सामाजिक भजनों के गीतों के साथ ध्वनि यंत्रों का भी समायोजन रहा । उक्त रैली में जिसमें भगवान महावीर की मनमोहक प्रतिमा रथ पर विराजमान थी। जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

स्थानीय जैन मंदिरों में भक्तों ने भगवान का स्वर्ण और रजत कलशों से अभिषेक किया। सामूहिक 'भक्तामर' पाठ और विशेष पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में बालाघाट जैन समाज द्वारा गौशालाओं में चारा वितरण, अस्पतालों में मरीजों को फल वितरण एवं पोषण कीट और प्याऊ की व्यवस्था जैसे परोपकारी कार्य किए गए।

वही सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन महावीर जन्मकल्याणक मोहत्सव में लगातार 8 दिन विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जिसमें मुख्य रूप से बाइक रैली , वॉक फॉर अहिंसा, बच्चों के द्वारा साइकिल रैली, भक्तिमय भजन संध्या कॉन्सर्ट (विक्की डी पारेख), जैसे सामाजिक समरसता के अद्भुत एवं असमरणीय कार्यक्रम सम्पन्न हुएं , जिसमें सकल जैन द्वारा समाज की सामाजिक एकता और एकरूपता से प्रभु महावीर की

भक्ति देखने मिली ।

भजन संध्या जिसमें मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक विक्की डी परख द्वारा अपने गायन से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया ।

जैन धर्मालंबियों ने भक्ति भाव से लीन होकर मदमस्त तरीके से भक्तमय माहौल में झूमते दिखाई दिए। छोटे बच्चे से लेकर समाज के वरिष्ठ ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए देर रात तक अपनी उपस्थिति दी।

कार्यक्रम में महावीर जन्मकल्याणक मोहत्सव समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यगण के साथ सकल जैन समाज के सभी पदाधिकारी ,जैन समाज के वरिष्ठजन , महिलाएं बच्चे एवं सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। आज के कार्यक्रम में महावीर जन्मकल्याणक मोहत्सव समिति के अध्यक्ष आदित्य सेठिया, उपाध्यक्ष रोहित सुराणा, सचिव परख जैन, सहसचिव आगम जैन, कोषाध्यक्ष मानव चौरड़िया ,सह कोषाध्यक्ष ध्रुव वैद्य , मीडिया प्रभारी मोनिल जैन कार्यकारणी सदस्य में दीपक छाजेड(मामा), दीपक बोथरा , प्रखर जैन , कुशल कांकरिया , राहुल बागरेचा, संकल्प जैन , सहित सदस्यों एवं सामाजिक बंधुओं में अर्पित वैद्य , निशांत लोढ़ा, राहुल कांकरिया , हीरा लालवानी, संयम जैन, पवन बाफना, आदि का विशेष सहयोग रहा।

पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल का आगमन 3 को

लोधी समाज की बैठक में होंगे शामिल

नवभारत, बालाघाट। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जालम सिंह पटेल का आगामी 3 अप्रैल को एक दिवसीय प्रवास पर बालाघाट आगमन होने जा रहा हैं। इस दौरान वे लोधी समाज की बैठक में शामिल होगें। इस संबंध में लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश प्रवक्ता शौकत बिसाने ने प्रेस विज्ञप्ति जार कर बताया कि लोधी लोधा लोध महासभा के नेतृत्व में आगामी 28 अप्रैल को भोपाल के जम्बूरी मैदान में राजा हिरदेशाह लोधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शौर्य दिवस कार्यक्रम का विशाल आयोजन किया गया हैं। राजा हिरदेशाह लोधी सन 1882 की क्रांति के अग्रदूत रहे और अंग्रेजों को युद्ध में परास्त किया हैं। जिनके बलिदान व कृतित्व की ही देन सन 1857 की क्रांति रही हैं। ऐसे वीर योद्धा की पुण्यतिथि पर शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा हैं। जिसकी तैयारी को लेकर जिला लोधी महासभा के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया हैं। बैठक 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कोसमी स्थित शुभारंभ लॉन में होगी। श्री बिसाने ने बताया कि बैठक में लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालमङ्क्षसह पटेल का मार्गदर्शन मिलेगा। इसके अलावा इस बैठक में विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक राजकुमार कर्राहे सहित भोपाल कार्यक्रम को लेकर बनाये गये संभागीय

प्रभारी डॉक्टर विजय बरैया,जिला प्रभारी व सहप्रभारी, समाज के अन्य जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि,लोधी महासभा के पदाधिकारी, कर्मचारी संगठन, लोधी महिला मोर्चा, लोधी युवा मोर्चा के पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से शामिल होगें। पूर्व मंत्री इस प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत कोसमी में आयोजित निर्माण कार्यो के शिलान्यास कार्यक्रम में भी अतिथि होगें। इसके अलावा ग्राम पंचायत बगदरा में वीरांगना रानी अवंती बाई प्रतिमा के अनावरण और निर्माण कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होगें। पूर्व मंत्री श्री पटेल की उपस्थिति में आयोजित लोधी महासभा की बैठक में लोधी समाज के तमाम सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्यों, विविध मोर्चा के पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील लोधी महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक लिल्हारे, बी.एल.लिल्हारे,सुखदेवमुनि कुतराहे, रामसिंह पटेल, राकेश बनोटे, रामचंद सिहोरे, जितेंद्र मोहारे, दिलीप उपवंशी,अर्जुन ठकरेले, धर्मपाल सिंह नगपुरे, गगन नगपुरे, योगेश नगपुरे, चंद्रशेखर नगपुरे, चुमेश लिल्हारे, सावन पिछोड़े, हर्ष मुंजारे,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती शीला नगपुरे,श्रीमती रितु मोहारे, श्रीमती गौरी लिल्हारे,श्रीमती पूनम लिल्हारे, श्रीमती ज्योति उमरे सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा की गई हैं।

प्रदेश लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जालम सिंह पटेल पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष कोकसिंह नरवरिया और राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती अनीता वर्मा द्वारा प्रदेश और जिला महिला मोर्चा की पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिसमें बालाघाट से श्रीमती शीला नगपुरे जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा लोधी लोधा लोध महासभा नियुक्त किया गया है। इसी तरह से महिला मोर्चा प्रदेश संगठन में श्रीमती गौरी राजेश लिल्हारे प्रदेश महामंत्री, श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे प्रदेश प्रवक्ता, श्रीमती अंबिका गगन नगपुरे प्रदेश सचिव,श्रीमती रितु जितेंद्र सिंह मोहारे प्रदेश संयुक्त सचिव, श्रीमती छाया नगपुरे प्रदेश संयुक्त सह सचिव, श्रीमती सपना विजय मसखरे प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती रत्ना नगपुरे प्रदेश प्रचार मंत्री, श्रीमती पूनम गणेश लिल्हारे प्रदेश कार्यालय मंत्री महिला लोधी लोधा लोध मोर्चा में नियुक्त किया गया है। सभी के नेतृत्व में लोधी लोधा लोध समाज आगे गतिशील होगा। समाज का नई दिशा मिलेगी और ऊंचाइयों को छूएगा। नवनियुक्त महिला मोर्चा पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई हैं कि वे संगठनात्मक स्तर पर लोधी लोधा लोध समाज के लिये कार्य करते हुये आगे गति प्रदान करेगी। सभी पदाधिकारियों के नियुक्त होने पर लोधी महासभा ने हर्ष जताया हैं।

पुरातत्व संग्रहालय में महावीर जयंती मनाई गई

नवभारत, बालाघाट। इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महावीर जयंती पर्व डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर डॉ.कुलदीप बिल्थरे, राजेन्द्र कुमार ब्रम्हे, सतीश भारद्वाज, दिनेश कुमार नेमा, बलिनन्दर चौहान, उमेश सैय्याम आदि उपस्थित होकर पुरातत्व संग्रहालय कक्ष में पथ-प्रदर्शित पाषाण दुर्लभ प्रतिमा के समक्ष ध्यान केंद्रित किया। उनके अनेकानेक विचारों पर प्रकाश डालते हुए, त्याग, तपस्या, सत्यता, सभ्यता, संस्कृति पर विचार विमर्श किया। इसी अवसर पर वित्तीय वर्ष समाप्ति के आय-व्यय-पत्रक पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पारित किया गया।

कक्षा दूसरी में मायशा सोहाने ने 99.07 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल स्थान किया हासिल

वारासिवनी। सरदार पटेल इंटरनेशनल स्कूल बालाघाट की होनहार छात्रा मायसा ने कक्षा दुसरी मे अपनी प्रतिभा का परिचय कराते हुये 99`.7 अंक हासिल कर अव्वल स्थान हासिल किया है। इस शानदार परिक्षा परिणाम मे माता पिता शुभी व महेश सोहाने वारासिवनी सहित इष्ट मित्रो ने बधाई प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो की शिक्षा के अलावा मायसा न्रत्य व संगीत मे भी विशेष योग्यता रखती है।

प्रान्ताध्यक्ष को उप मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री ने चर्चा के लिए किया आश्वस्त

नवभारत, बालाघाट।, हमारे जुझारू कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष श्री एच पी उरमलिया जी ने कल दिनांक 29 मार्च 2026 को जबलपुर सर्किट हाउस मे एक विशेष प्रतिनिधिमंडल के साथ म प्र के उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री माननीय श्री जगदीश देवड़ा जी से सौजन्य भेंट कर पेंशनर्स की मुख्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और अवगत कराया कि बार बार निवेदन/ग्यापन के बाद भी म प्र शासन द्वारा इन समस्याओ पर सार्थक चर्चा के लिए पहल न करने के कारण, प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन को मजबूर होकर दिनांक 16 अप्रैल 2026 को राजधानी भोपाल मे धरना-प्रदर्शन का निर्णय लेने के लिए बाध्य होना पड़ा है। माननीय उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री श्री देवड़ा जी ने सहृदयता

पूर्वक हमारे कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष श्री उरमलिया जी को आश्वस्त किया कि मेरे भोपाल पहुंचते ही यथाशीघ्र आपके 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को उक्त संबंध मे अधिकृत चर्चा के लिए आमंत्रित किया जावेगा और उन्होने आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ सरकार से संपर्क कर राज्य बटवारे की धारा 49 को विलोपित कराने की सार्थक पहल की जावेगी।

प्रान्ताध्यक्ष श्याम जोशी जी ने और संपूर्ण प्रांतीय कार्यकारिणी ने विषम शारीरिक परिस्थिति के बाद भी वाकर के सहारे श्री देवड़ा जी के साथ इस सौजन्य भेंट के लिए श्री उरमलिया जी को हार्दिक बधाई दी है।

सरसों की भावांतर योजना के तहत खरीदी अब 16 अप्रैल से शुरू होगी

बालाघाट। मध्यप्रदेश शासन ने सरसों उत्पादक किसानों को राहत देते हुए भावांतर भुगतान योजना के तहत सरसों की खरीदी की तिथि में बदलाव किया है। पहले यह खरीदी 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होना निर्धारित थी, अब इसे आगे बढ़ाकर 16 अप्रैल 2026 से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जारी निर्देश के अनुसार, नई तिथि से प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीदी की जाएगी। इस निर्णय से किसानों को अपनी उपज की बेहतर तैयारी और विक्रय के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा।

उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने बताया कि बालाघाट जिले में भावांतरण योजना में सरसों के विक्रय के लिए 2154 किसानों का पंजीयन किया गया है।

भावांतरण योजना में सरसों की खरीदी जिले की 07 कृषि उपज मंडी में की जाएगी। सरसों का समर्थन मूल्य 6200 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। भावांतरण योजना में सरसों की खरीदी के लिए जिले के मंडी स्तरीय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। भावांतर योजना में सरसों की खरीदी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जाएगी और नीलामी के दौरान व्यापारियों द्वारा बोली लगाने की सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जाएगी।

विधायक की पहल रंग लाई, बैहर विधानसभा में 2 दर्जन नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत

नवभारत, बालाघाट। विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार अब तेज होती नजर आ रही है। जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट एवं क्षेत्रीय विधायक विधान सभा बैहर संजय उइके के लगातार और प्रभावी प्रयासों के चलते राज्य आयोजना मद से लगभग 2 दर्जन नवीन आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति (प्रत्येक आंगनवाड़ी भवन की स्वीकृति राशि रु 11.22 लाख) मिलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। क्षेत्र में लंबे समय से कई आंगनवाड़ी भवन की कमी और जर्जर स्थिति में संचालित हो रहे थे, जिससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और आंगनवाड़ी कार्यकताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को विधायक संजय उइके ने प्रमुखता से उठाते हुए शासन स्तर पर लगातार पहल की, जिसका परिणाम अब सामने आया है। नवीन भवनों के निर्माण से जहां

बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा मिल सकेगी, वहीं महिलाओं के स्वास्थ्य और देखभाल सेवाओं में भी सुधार होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और विकास को नई दिशा मिलेगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों ने विधायक संजय उइके के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। विधायक संजय उइके ने कहा कि उनका संकल्प बैहर क्षेत्र को विकास के नए आयाम तक पहुंचाना है और वे आगे भी जनता की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

थाना भरवेली पुलिस की बड़ी सफलता, मात्र 6 घंटो में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट के भरवेली थाना क्षेत्र में पाथरवाड़ा निवासी कुलप्रकाश नगपुरे के घर हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 17 लाख रुपए के जेवरात और नकदी बरामद की है। हैरानी की बात यह है कि चोरी की योजना कुलप्रकाश के पड़ोसी मंगल लिल्हारे (30) ने अपने दोस्त अनिल बसेने (29) के साथ मिलकर बनाई थी। मंगल को पता था कि परिवार घर से बाहर गया है। जब पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंची, तब भी आरोपी मंगल शातिर तरीके से वहीं मौजूद था ताकि किसी को शक न हो।

29 मार्च की रात करीब 10:30 बजे जब परिवार लौटा, तो घर के ताले टूटे मिले। पुलिस ने तुरंत तीन टीमें बनाकर शहर में नाकाबंदी की। रात में तलाशी के दौरान दुर्गा चौक के पास दो संदिग्ध भागने की

कोशिश कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने सब्बल से दरवाजा तोड़कर अलमारी से भारी मात्रा में सोने-चांदी के गहने चोरी किए थे। पुलिस को इनके पास से रानीहार, नेकलेस, मंगलसूत्र, चांदी की करधन और पायल जैसे कीमती आभूषण मिले हैं। चोरी का यह सामान इन्होंने अपने घर और पानी की टंकी के नीचे छिपाकर रखा था। नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी ने बताया कि आरोपियों पर पहले से मारपीट के मामले दर्ज हैं, लेकिन चोरी की यह उनकी पहली वारदात थी जिसमें वे चंद घंटों में ही पकड़े गए।

शेरपार में अंतर्राज्यीय बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता आयोजित

लामता के कपूर चंद पंचेश्वर की बैल जोड़ी रही प्रथम विजेता, 67 जोड़ियों ने दिखाया दमखम

नवभारत, परसवाड़ा । परसवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम सेरपार में आयोजित 'शिव शक्ति अंतर्राज्यीय बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता' इस वर्ष भी भव्यता और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। दो दिवसीय इस पारंपरिक आयोजन में क्षेत्र सहित अन्य जिलों एवं राज्यों से आए पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 67 बैल जोड़ियों ने भाग लेकर अपनी ताकत, गति और बेहतरीन तालमेल का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का प्रथम चरण (लोकल दौड़) 28 मार्च 226 को आयोजित किया गया, जबकि द्वितीय चरण (फाइनल दौड़) 29 मार्च को सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता स्थल पर किसानों, पशुपालकों, व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना रहा।

विजेताओं ने बिखेरा जलवा-कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया-

प्रथम पुरस्कार: कपूर चंद पंचेश्वर (लामता) की बैल जोड़ी 'नीला-पीला' (शाकिर बाबा) द्वितीय पुरस्कार: बंरु बंदर (बगदरा) की जोड़ी (योगेश भैया एवं रामजी) तृतीय पुरस्कार: कबूतरनारा की जोड़ी (अनिकेत दशहरे) चतुर्थ पुरस्कार: मोनू गौतम (सेरपार) पंचम पुरस्कार: टूइनवन, देवरिया टोला की बैल जोड़ी ।

प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए गए- प्रथम पुरस्कार: 25`,1 (राजा ऐड़े, जड़े द्वारा) द्वितीय पुरस्कार: 21`,1 (डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे द्वारा) तृतीय पुरस्कार: 18`,1 (क्षेत्रीय विधायक द्वारा) साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पशुधन संरक्षण को बढ़ावा देना एवं किसानों व पशुपालकों को एक मंच उपलब्ध कराना रहा। आयोजन के माध्यम से ग्रामीण परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का प्रयास भी किया गया।

बकायेदारों को अंतिम नोटिस, 1 अप्रैल से लगेगी दुगनी पेनाल्टी

जबलपुर। राजस्व वसूली अभियान में नगर निगम ने तेजी लाते हुए बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी किए है। अब एक अप्रैल से दुगनी पेनाल्टी लगेगी। दरअसल निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम के राजस्व विभाग ने वित्तीय वर्ष के अंत में कर संग्रहण को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक 02 (कछपुरा) द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम ने बड़े बकायेदार, दलजीत सिंह बग्गा मदन महल वार्ड-15 और खटवानी सेल्स एण्ड प्रा.लि. स्वामी वीरेन्द्रपुरी वार्ड को बकाया कर राशि जमा करने हेतु नोटिस जारी किया है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर के विकास कार्यों को गति देने के लिए समय पर करों का भुगतान अनिवार्य है। निगम द्वारा जारी लेजर रिपोर्ट के अनुसार, दलजीत सिंह बग्गा कुल 8,92,531 रुपये एवं खटवानी सेल्स एण्ड प्रा.लि. कुल राशि 2,86,998 रूपये की बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व संग्रह को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम के विभिन्न विभाग एक साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। संभागीय अधिकारी ने राजस्व अधिकारी, फायर अधीक्षक और बाजार अधीक्षक को आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि शहर की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहे। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने आज अंतिम दिन शेष है। कल यानी 1 अप्रैल से समस्त बकाया करों की राशि में दुगनी पेनाल्टी लगाकर वसूल की जायेगी।

इन्वर्टर के पीछे बैठा था चार फीट लंबा सांप

जबलपुर। विजय नगर थानांतर्गत कचनार क्लब के पास रहने वाले पी डब्लू डी इंजीनियर एस के सिंह के घर में सांयकाल साढ़े पांच बजे उनके घर में रखे इन्वर्टर के पीछे एक चार फीट लंबा सांप देखकर वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का है जो कि गर्मी से राहत पाने के लिए इन्वर्टर के पीछे छिप गया था। ये सर्प जहरीला नहीं होता।

बेटे ने पिता के सीने में चाकू घोंप कर हत्या की

शराब के नशे में विवाद करने पर वारदात

जबलपुर, नवभारत। बरेला थाना अंतर्गत कोसमघाट में शराब की लत ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। दरअसल शराब के नशे में विवाद कर पिता से आक्रोशित 16 वर्षीय नाबालिग बेटे ने अपने ही पिता के सीने में चाकू घोंप दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही पिता ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार

कोसम घाट निवासी रमेश कोल 36 वर्ष की पहली पत्नी की मौत के बाद वह एक अन्य महिला 40 वर्ष के साथ रह रहा था। शनिवार की रात करीब 10 बजे मृतक शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचा और अपनी पत्नी के साथ मामूली बात पर विवाद करने लगा। जब पहली पत्नी के 16 वर्षीय बेटे ने अपने पिता को मना किया और शांत रहने को कहा, तो विवाद और बढ़ गया। तैश में आकर पिता ने अपने बेटे को जोर से धक्का दे दिया। पिता के इस व्यवहार और रोज-रोज के झगड़ों से तंग आकर नाबालिग बेटे ने घर में रखी चाकू उठाई और पिता के सीने पर वार कर दिया। खून से लथपथ हालत में परिजन उसे तुरंत विक्टोरिया अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बरेला, प्रशिक्षु आईपीएस शुभम सिंह ठाकुर पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुँचे और मामले की छानबीन शुरू की। वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी श्रीमती नीता जैन तत्काल घटनास्थल पर पहुँचीं। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज उसे अभिरक्षा में ले लिया है और मामले की आगे की विवेचना शुरू कर दी है।